Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to enquire illegal mining in the country.

डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा): धन्यवाद अध्यक्ष महोदय । आज धनबाद, झारखंड में अवैध कोयला खदान धंसने के कारण एक बड़ी दु:खभरी घटना घटी है । उसमें 12 लोग दब गए हैं, जिनमें से अभी तक दो लाशें निकाली गई हैं । हमारे झारखंड राज्य का यह रोज का सवाल है । मैं जिस एरिया से आता हूं, वह चाहे ईसीएल, सीसीएल का सवाल हो या बीसीसीएल का सवाल हो, राज्य सरकार और जिला प्रशासन के सह से वहां कोयले का अवैध उत्खनन हो रहा है । कोयले की बड़े पैमाने पर चोरी हो रही है और उसमें वहां की जो राज्य सरकार है, वह सीधे-सीधे जिम्मेवार है । इतना ही नहीं, राँची में जो सीसीएल है, वहां जो राज्य प्रशासन के पदाधिकारी हैं, जो अलग-अलग जिले में पोस्टेड हैं, झारखंड में किस तरह की एनार्की है कि उन्होंने जबर्दस्ती दबाव डालकर उनके क्वार्टर पर कब्जा कर रखा है । मेरा आपके माध्यम से आग्रह है कि जितने अवैध उत्खनन चाहे ईसीएल, सीसीएल या बीसीसीएल में हो रहे हैं, उन पर लगाम लगाई जाए और उसकी सीबीआई से जांच कराई जाए । जिन अधिकारियों ने क्वार्टर पर कब्जा कर रखा और जो भारत सरकार के ऊपर अवैध दबाव बना रहे हैं, उनकी जांच करके उनको नौकरी से डिसमिस किया जाए ।